टीके की जानकारी का वक्तव्य

# चेचक/मंकीपॉक्स का टीका (JYNNEOS™): *आपको जो जानने की जरूरत है*

Many Vaccine Information Statements are available in Hindi and other languages. See www.immunize.org/vis

टीके की जानकारी के कई वक्तव्य हिंदी और अन्य भाषाओं में उपलब्ध हैं। www.immunize.org/vis देखें

## 1. टीकाकरण क्यों करवाएं?

**चेचक/मंकीपॉक्स का टीका (JYNNEOS™)** चेचक, मंकीपॉक्स, और वैक्सीनिया वायरस सहित, ऑर्थोपॉक्सवायरसों द्वारा पैदा की जाने वाली अन्य बीमारियों के विरुद्ध सुरक्षा में मदद कर सकता है।

चेचक वेरियोला वायरस से होने वाली एक बहुत गंभीर बीमारी है। कुछ लोगों को चेचक पैदा करने वाले वायरस के संपर्क में आने का जोखिम बना हुआ है, जिनमें आपात्कालीन तत्परता में काम करने वाले लोग और कुछ प्रयोगशाला कर्मी शामिल हैं। यह वायरस एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में फैल सकता है, और ज्वर और त्वचा पर दानों समेत लक्षण उत्पन्न करता है। अतीत में चेचक से संक्रमित होने वाले कई लोग ठीक हो गए थे, लेकिन रोग से ग्रस्त हर 10 लोगों में से लगभग 3 की मृत्यु हो गई।

मंकीपॉक्स एक दुर्लभ रोग है जिसमें चेचक के समान ही लक्षण होते हैं लेकिन वे उससे कम तीव्र होते हैं। हालांकि, मंकीपॉक्स से मृत्यु हो सकती है। मंकीपॉक्स अफ्रीका में एक उभरता हुआ संक्रमण है और मंकीपॉक्स के दूसरे देशों से आने वाले मामलों के प्रकोप अमेरिका सहित अन्य देशों में हैं।

वैक्सीनिया वायरस तब रोग पैदा कर सकता है जब लोग संक्रमित लोगों (जैसे कि किसी ऐसे व्यक्ति से संपर्क में आना जिसका हाल ही में ACAM2000® से टीकाकरण किया गया है, जो चेचक के टीके का एक और प्रकार है) या जानवरों के संपर्क में आते हैं। जो लोग प्रयोगशालाओं में वैक्सीनिया वायरस के साथ काम करते हैं वे दुर्घटनावश वायरस के संपर्क में आ सकते हैं, और यदि वे संक्रमित हो जाते हैं, तो वे बीमार पड़ सकते हैं। हालांकि, अधिकांश वैक्सीनिया वायरस संक्रमण बिना किसी उपचार के अपने आप ठीक हो जाते हैं।

## 2. चेचक/मंकीपॉक्स का टीका (JYNNEOS™)

चेचक/मंकीपॉक्स का टीका (JYNNEOS™) कमजोर किए गए जीवित वैक्सीनिया वायरस का उपयोग करके बनाया जाता है और उससे चेचक, मंकीपॉक्स, या कोई अन्य संक्रामक रोग नहीं हो सकता है।

JYNNEOS™ खाद्य और औषधि प्रशासन (Food and Drug Administration, FDA) द्वारा **चेचक या मंकीपॉक्स संक्रमण के अधिक जोखिम वाले 18 वर्ष या उससे अधिक आयु के वयस्कों** में चेचक और मंकीपॉक्स रोग की रोकथाम के लिए अनुमोदित है।

- CDC कुछ प्रयोगशाला कर्मियों और आपात्कालीन रेस्पाँस टीम के सदस्यों जो ऑर्थोपॉक्सवायरस संक्रमण पैदा करने वाले वायरसों के संपर्क में आ सकते हैं के लिए JYNNEOS™ की सिफारिश करता है।
- CDC ACAM2000® देने वाले या ऑर्थोपॉक्सवायरसों से संक्रमित रोगियों की देखभाल करने वाले लोगों के लिए इस टीके पर विचार करने की सिफारिश करता है।

JYNNEOS™ को आम तौर पर 4 सप्ताह के अंतराल पर 2 इंजेक्शनों की शृंखला के रूप में दिया जाता है। जिन लोगों ने अतीत में चेचक का टीका लिया है उन्हें संभवतः केवल 1 खुराक की जरूरत पड़ेगी।

यदि कोई व्यक्ति चेचक, मंकीपॉक्स, या अन्य ऑर्थोपॉक्सवायरसों के संपर्क में आने के निरंतर जोखिम पर बना रहता है तो हर 2 या 10 वर्ष में बूस्टर खुराकों की सिफारिश की जाती है। आपका स्वास्थ्य परिचर्या प्रदाता आपको अधिक जानकारी दे सकता है।

## 3. अपने स्वास्थ्य परिचर्या प्रदाता से बात करें

अपने टीकाकरण प्रदाता को बताएं यदि टीका लेने वाले व्यक्ति को:

- **चेचक के टीके की पिछली किसी खुराक के बाद एलर्जी प्रतिक्रिया हुई थी**, या उसे कोई **गंभीर, जीवन के लिए खतरनाक एलर्जी है**
- **उसकी प्रतिरक्षा प्रणाली कमजोर है**
- वह गर्भवती है या उसे लगता है कि वह **गर्भवती** है या **स्तनपान कराती है**

कुछ मामलों में, आपका स्वास्थ्य परिचर्या प्रदाता JYNNEOS™ के साथ नियमित (संपर्क-पूर्व) चेचक/मंकीपॉक्स टीकाकरण को किसी भविष्य की मुलाकात तक के लिए स्थगित करने का फैसला कर सकता है।

U.S. Department of Health and Human Services
Centers for Disease Control and Prevention

सर्दी-जुकाम जैसी छोटी-मोटी बीमारियों वाले लोगों का टीकाकरण किया जा सकता है। जो लोग मध्यम या गंभीर रूप से बीमार हैं उन्हें आम तौर पर JYNNEOS™ की नियमित (संपर्क-पूर्व) खुराक लेने से पहले प्रतीक्षा करनी चाहिए।**यदि आपको मंकीपॉक्स वायरस से संपर्क के कारण JYNNEOS™ लेने की सिफारिश की गई है, तो आपको सहवर्ती बीमारियाँ, गर्भावस्था, स्तनपान, या कमजोर प्रतिरक्षा प्रणाली होने पर भी टीकाकरण करवाना चाहिए।**

JYNNEOS™ को आम तौर पर अन्य टीकों की समय-सारणी पर ध्यान दिए बिना दिया जा सकता है। हालांकि, मायोकार्डाइटिस (हृदय की मांसपेशी की सूजन) नामक रोग के अधिक जोखिम वाले कुछ लोग, जिनमें किशोर या युवा वयस्क पुरुष शामिल हैं, JYNNEOS™ से टीकाकरण के बाद कुछ खास COVID-19 टीके लेने से पहले 4 सप्ताह के लिए प्रतीक्षा करने पर विचार कर सकते हैं। **यदि आपको मंकीपॉक्स वायरस से संपर्क के कारण JYNNEOS™ लेने की सिफारिश की गई है, तो आपको हाल ही में COVID-19 टीका लिए होने पर भी टीकाकरण करवाना चाहिए।**

## 4. टीके के प्रति प्रतिक्रिया के जोखिम

- JYNNEOS™ से टीकाकरण के बाद होने वाली सबसे आम चीजों में शामिल है इंजेक्शन के स्थान पर लालिमा, दर्द, सूजन, और खुजली होना।
- JYNNEOS™ से टीकाकरण के बाद कभी-कभी थकावट (थकान), सिरदर्द, और मासंपेशी में दर्द भी हो सकते हैं।

कभी-कभी लोग टीकाकरण सहित, चिकित्सीय प्रक्रियाओं के बाद बेहोश हो जाते हैं। यदि आपको चक्कर महसूस होता है या दृष्टि में परिवर्तन होते हैं या कानों में घंटियाँ बजती हैं तो अपने प्रदाता को बताएं।

किसी भी दवाई की तरह, किसी भी टीके से गंभीर एलर्जी प्रतिक्रिया, अन्य गंभीर चोट, या मृत्यु होने की अत्यंत दुर्लभ संभावना होती है।

JYNNEOS™ टीका लेने के बाद आप अपने स्मार्टफ़ोन का उपयोग करके और [vsafe.cdc.gov](vsafe.cdc.gov) पर जाकर V-safe में नामांकन कर सकते हैं। V-safe एक सुरक्षा निगरानी प्रणाली है जो आपको CDC के साथ यह साझा करने की अनुमति देती है कि JYNNEOS™ टीका लेने के बाद आप, या आपके आश्रित कैसा महसूस करते हैं। अधिक जानकारी के लिए [www.cdc.gov/vsafe](www.cdc.gov/vsafe) पर जाएं।

## 5. यदि कोई गंभीर समस्या होती है तो क्या होगा?

एलर्जी प्रतिक्रिया टीका लगवाने वाले व्यक्ति के क्लिनिक से जाने के बाद हो सकती है। यदि आपको गंभीर एलर्जी प्रतिक्रिया के संकेत (ददोरे, चेहरे और गले की सूजन, सांस लेने में कठिनाई, तेज धड़कन, चक्कर आना, या कमजोरी) दिखाई देते हैं, तो **9-1-1** को कॉल करें और उस व्यक्ति को निकटतम अस्पताल ले जाएं।

आपको चिंतित करने वाले अन्य लक्षणों के लिए, अपने स्वास्थ्य परिचर्या प्रदाता को कॉल करें।

प्रतिकूल प्रतिक्रियाओं को वैक्सीन एडवर्स इवेंट रिपोर्टिंग सिस्टम (Vaccine Adverse Event Reporting System, VAERS) में रिपोर्ट करना चाहिए। आपका स्वास्थ्य परिचर्या प्रदाता आम तौर पर यह रिपोर्ट जमा करेगा, या आप यह काम खुद भी कर सकते हैं। [www.vaers.hhs.gov](www.vaers.hhs.gov) पर VAERS वेबसाइट पर जाएं या **1-800-822-7967** पर कॉल करें। *VAERS केवल प्रतिक्रियाओं को रिपोर्ट करने के लिए है, और VAERS के कर्मचारी चिकित्सीय सलाह नहीं देते हैं।*

## 6. काउंटरमेजर्स इंज्युरी कॉम्पेंसेशन प्रोग्राम

Countermeasures Injury Compensation Program (काउंटरमेजर्स इंज्युरी कॉम्पेंसेशन प्रोग्राम) एक संघीय कार्यक्रम है जो कुछ दवाईयों या टीकों से गंभीर रूप से जख्मी होने वाले कुछ लोगों की चिकित्सीय देखभाल की लागतों और अन्य विशिष्ट खर्चों के लिए भुगतान करने में मदद कर सकता है। यदि आप चेचक/मंकीपॉक्स के टीके से जख्मी हो गए हैं, तो आप इस कार्यक्रम की वेबसाइट [www.hrsa.gov/cicp](www.hrsa.gov/cicp) पर जाकर, या **1-855-266-2427 (855-266-CICP)** पर कॉल करके कार्यक्रम के बारे में अधिक जान सकते हैं।

## 7. मैं अधिक जानकारी कैसे प्राप्त कर सकता/ती हूँ?

- अपने स्वास्थ्य परिचर्या प्रदाता से पूछें।
- अपने स्थानीय या राज्य के स्वास्थ्य विभाग को कॉल करें।
- टीके के पैकेज इनसर्टों और अतिरिक्त जानकारी के लिए खाद्य और औषधि प्रशासन (FDA) की वेबसाइट [www.fda.gov/vaccines-blood-biologics/vaccines](www.fda.gov/vaccines-blood-biologics/vaccines) पर जाएं।
- सेंटर्स फॉर डिसीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन (Centers for Disease Control and Prevention, CDC) से संपर्क करें:
  - **1-800-232-4636 (1-800-CDC-INFO)** को कॉल करें या
  - CDC की वेबसाइट [www.cdc.gov/poxvirus/monkeypox](www.cdc.gov/poxvirus/monkeypox) पर जाएं।

Hindi translation provided by Immunize.org